# आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक– एफ 23(80)(2)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2020–21/1246 दिनांक–10.02.2022

**स्कूटी एवं छात्रवृति हेतु ऑनलाइन आवेदन की आक्षेपपूर्ति एवं अग्रेषित बावत**

कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना (12वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण), विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड) संबल योजना एवं मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना वर्ष 2020–21 के ऑनलाईन आवेदन पत्रों की विद्यार्थियों से आक्षेप पूर्ति, महाविद्यालयों द्वारा नोडल महाविद्यालय को फॉरवर्ड हेतु एवं नोडल महाविद्यालयों द्वारा आयुक्तालय को फारवर्ड जांच हेतु छात्रवृति पोर्टल दिनांक–11.2.2022 से पुनः खोला जा रहा है। जिसकी तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

| क्र.सं | योजना का नाम | विद्यार्थियों को आक्षेप पूर्ति हेतु | महाविद्यालयों द्वारा जिला नोडल को फॉरवर्ड हेतु | जिला नोडल महाविद्यालयों द्वारा संबंधित मुख्यालय को फारवर्ड हेतु |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना 2020–21 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (सभी वर्ग) | 11.2.2022 से 16.2.2022 तक | 19.2.2022 तक | 22.2.2022 तक |
| 2 | कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना 2020–21 10वीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु (ST वर्ग) | 11.2.2022 से 16.2.2022 तक | – | जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा TAD को फारवर्ड हेतु 22.2.2022 तक |
| 3 | विधवा/ परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड) संबल योजना 2020–21 | 11.2.2022 से 25.2.2022 तक | 05.3.2022 तक | 10.3.2022 तक |
| 4 | मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना 2020–21 | 11.2.2022 से 10.3.2022 तक | 15.3.2022 तक | नोडल महाविद्यालयों द्वारा 21.3.2022 तक |

विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आक्षेप पूर्ति का यह अंतिम अवसर है, इसके उपरान्त उनके स्तर पर शेष रहे आवेदन निरस्त समझे जावेंगे।

संबंधित महाविद्यालय/जिला नोडल महाविद्यालय अपने स्तर से विद्यार्थियों से दूरभाष पर सम्पर्क कर आक्षेप दूर करवाकर उन्हें ऑनलाइन फारवर्ड करवाने की कार्यवाही करें। यदि किसी भी महाविद्यालय/जिला नोडल अधिकारी के स्तर पर उक्त तिथियों के पश्चात् भी आवेदन पत्र लम्बित रहते हैं तो उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी तथा पात्र विद्यार्थी किसी भी प्रकार का कोई वाद दायर करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रभारी की होगी।

(हरिसिंह मीना)
वित्तीय सलाहकार
कॉलेज शिक्षा राजस्थान
जयपुर

D:/ Shortcut For Some Folders/ Online Schlorship/